# वार्षिक रिपोर्ट 2022–23

# राजकीय महिला महाविद्यालय फरीदाबाद

**महाविद्यालय का परिचय** :–राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद का सन 1987 में महिला विंग के रूप में शुभारंभ हुआ तथा अक्टूबर 1992 में इसे एक स्वतंत्र राजकीय महिला महाविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित किया गया। तब से यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्तमान में यह महाविद्यालय के शुभाकांशी, कर्मठ एवं प्रतिभासंपन्न प्राचार्य श्री डा. नरेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में फरीदाबाद शहर में अपनी पहचान बना रहा है। आज इसकी गणना राज्य के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में की जाती है।

शिक्षा संकाय :–

महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के अतिरिक्त 4 जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज बीबीए, बीसीए, पत्रकारिता एवं टूरिज्म की व्यवस्था है तथा स्नातकोतर में एमकॉम की व्ययवस्था है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में प्रवेश पाने वाली छात्राओं की कुल संख्या 1807 है। इसमें बीए में 629 ,बीएससी नॉन मैडिकल में 111, बीकॉम 429,बीबीए में 110, बीसीए में 74 पत्रकारिता में 100 व टूरिज्म में 97 तथा एमकॉम में 120 छात्राएं अध्ययनरत हैं ।

शिक्षक वर्ग :–

इस समय महाविद्यालय में 17 स्थाई प्राध्यापक एवं एक प्रतिनियुक्ति पर है व 14 एक्सटेंशन लैक्चर्रस कार्यरत हैं। वर्तमान सत्र में श्रीमति रितिका गुप्ता एवं श्रीमती अर्चना वर्मा प्राचार्या के पद पर पदोन्नत होकर जीसीजी बल्लभगढ़ व राजकीय महाविद्यालय पलवल में कार्यभार संभाला। श्री संदीप कुमार प्राध्यापक टूरिज्म स्थानांतरित होकर राजकीय महाविद्यालय गुलहा चीका गए। श्रीमती सतविंद्र कौर प्राध्यापक इतिहास 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत हुई। श्रीमती प्रीति अरोड़ा तीन माह के लिए प्रतिनियुक्ति पर शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय तिगांव गई । श्री रोहित प्राध्यापक भोतिकी विज्ञान जीसी बादली झज्जर से तीन माह के लिए प्रतिनियुक्ति पर आए ।

कार्यालय कर्मचारी :–

वर्तमान में महाविद्यालय के कार्यालय में एक उप अधीक्षक , एक जेएलए , एक तबला वादक, एक चपरासी स्थाई पद पर कार्यरत हैं तथा तृतीय श्रेणी में छह तथा चतुर्थ श्रेणी के सात  अनुबंधित कर्मचारी मौजूद हैं ।

पुस्तकालय सूचना :–

पुस्तकालय में 13169 पुस्तकें हैं, नौ समाचार पत्र आते हैं, जिसमें चार  हिंदी व चार अंग्रेजी  व एक रोजगार समाचार पत्र शामिल हैं। इसके अलावा नौ मासिक पत्रिकाएं आती हैं। पुस्तकालय की 13169 सभी पुस्तकों का ऑटोमेशन भी हो चुका है ।

सांस्कृतिक गतिविधियां :–

पीटीएलआर कॉलेज फरीदाबाद में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय युवा में महाविद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रंगौली में प्रथम, कॉलाज में प्रथम, भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन में प्रथम तथा सांस्कृति गायन में द्वितीय एवं उर्दू एवं पंजाबी कविता में द्वितीय तथा फोटोग्राफी में तृतीय, पोस्टर मेंकिंग, हिंदी वाद विवाद तथा संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी कड़ी में विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में संस्कृत भाषण में द्वितीय एवं भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया

भूगोल विभाग :–

विभाग की छात्रा संजना एवं सपना राय ने पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया । वहीं राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में आयोजित अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता में संजना ने तीसरा स्थान हासिल किया

**शारीरिक शिक्षा विभाग :–**

विभाग द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया । बीए तृतीय वर्ष की छात्रा उर्वशी भारद्वाज बेस्ट एथलीट रही । उर्वशी ने विश्वविद्यालय स्तर पर बॉक्सिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया । बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली ने विश्वविद्यालय स्तर पर बॉक्सिंग में द्वितीय तथा राज्य स्तर पर प्रथम स्थान एवं खेलो हरियाणा में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**हिंदी एवं संस्कृत विभाग :–**

हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया । जिसमें कविता पाठन, भाषण तथा स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग द्वारा महाविद्यालय में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा क्षेत्रीय युवा महोत्सव में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता तथा उर्दू कविता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिस्सा लिया । जिसमें उर्दू कविता में द्वितीय तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया । दूसरी ओर संस्कृत विभाग द्वारा भाषण एवं श्लोकोच्चारण में हिस्सा लिया। संस्कृत भाषण में क्षेत्रीय युवा महोत्सव में तीसरा एवं अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

**समाजशास्त्र विभाग :–**

विभाग द्वारा इक्को क्लब फरीदाबाद के संयोजन से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**पर्यटन विभाग :–**

विभाग द्वारा हरियाणा पर्यटन दिवस मनाया गया कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने पर्यटन में चुनौतियों एवं भविष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए । विश्व पर्यटन दिवस पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया । जिसमें ट्रैवल एजेंसी एक्सपर्ट ने छात्राओं से साथ अपने अनुभव सांझा किए । विभाग द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विज्ञान संकाय :–

विभाग की छह छात्राओं ने जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में आयोजित अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला साइंस निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी की छात्रा स्वाती पांडेय ने चौथा स्थान हासिल किया । केएल मेहता कॉलेज फरीदाबाद में आयोजित सांइस निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा सोनी ने प्रथम स्थान हासिल किया । अग्रवाल कॉलेज में आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी सोनी ने द्वितीय स्थान हासिल किया । विभाग द्वारा मानव रचना विश्वविद्यालय के सांइस विभाग के तत्वाधान में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने इनोवेशन इन सांइस पर मंथन किया तथा मॉडल प्रस्तुत किए।

कंप्यूटर विभाग :–

जीवन में कंप्यूटर एवं इंटरनेट के फायदे एवं नुकसान विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने आधुनिक वेब समस्याओं पर अपने विचार सांझा किए । विभाग द्वारा अंतर विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस , क्वांटम कंप्यूटर , साइबर मीडिया आदि विषयों पर मंथन किया गया । मशीन लर्निंग पर एक एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। जिसमें मानव रचना विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग की अध्यक्षा ने छात्राओं के साथ अपने विचार सांझा किए ।

महिला प्रकोष्ठ :–

महाविद्यालय स्तर पर व्यक्तित्व विकास पर तीन दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया । छात्राओं को स्वंय रक्षा के लिए वर्कशॉप के माध्यम से विभिन्न तकनिकों से अवगत कराया गया । इसकें अलावा पोस्टर मेंकिंग, क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग तथा रंगौली प्रतियोगिताओं का महाविद्यालय स्तर पर आयोजन किया गया । महाविद्यालय में स्वंय रक्षा के लिए महिला पुलिस ने छात्राओं को विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया ।

## जनसंचार एवं पत्रकारिता विभागः–

जनसंचार विभाग द्वारा 15 सितंबर 2022 को दूरदर्शन दिवस पर लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया । जिसमें विभाग की पूर्व छात्राएं एवं मीडिया एक्सपर्ट मूर्ती दलाल, जूही झा एवं पुष्पाजंली ने विभाग की छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा किए।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रोफेसर सुरेश वर्मा ने छात्राओं को मीडिया में भविष्य एवं चुनौतियों पर अपने अनुभव सांझा किए। विभाग की छात्राओं को साहित्य आज तक मीडिया फेस्टीवल का भ्रमण करवाया गया ।

विभाग द्वारा ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयोजन से मीडिया बेस सोल्युशन पर लेक्चर का आयोजन किया गया ।

सत्र 2022–23 से विभाग की कई छात्राओं का विभिन्न मीडिया संस्थानों में चयन हुआ ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना :–

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इक्को क्लब के संयोजन से पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 200 पौधे लगाए गए । जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साइकिल रैली में स्वंय सेविकाओं ने हिस्सा लिया । एनएसएस एवं रैडक्रास के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया । पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर एनएसएस इकाई द्वारा पौधारोपण किया गया । चिन्ह भाषा जागरूकता अभियान में एनएसएस की छात्रा शिवांगी एवं कीर्ति ने स्किट में प्रथम स्थान प्राप्त किया । इकाई द्वारा महाविद्यालय में समय समय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । इकाई द्वारा गांव अजरोंदा के राजकीय प्राथमिक स्कूल में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । उत्तराखंड में आयोजित वाईएलटीसी कैंप में स्वंय सेविका गुंजन ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित साप्ताहिक शिविर में चार स्वयं सेविकाओं ने हिस्सा लिया । इकाई द्वारा रैडक्रास सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें स्वयं सेविकाओं ने बढचढ कर हिस्सा लिया । शिविर में 72 यूनिट रक्त का संकलन हुआ ।

**रैडक्रास :–**

रैडक्रास सोसायटी द्वारा मानव रचना डेंटल कॉलेज फरीदाबाद के संयोजन से दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया । सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 72 यूनिट रक्त का संकलन हुआ । पांच दिवसीय युवा रैडक्रास शिविर का डीएवी महाविद्यालय फरीदाबाद में आयोजन हुआ । जिसमें सोसायटी की ओर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में तृतीय स्थान हासिल किया ।

**प्लेसमेंट सैल :–** छात्राओं की प्रतिभा निखार के लिए प्रकोष्ठ द्वारा संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं को करियर ऑपरच्युनिटी, साक्षात्कार गुण, वितीय एवं व्यक्तित्व विकास से अवगत करवाया गया । प्रकोष्ठ द्वारा तीन दिवसीय जॉब ट्रनिंग प्रदान की गई । जिसके परिणाम स्वरूप महाविद्यालय की दो छात्राओं का बीपीएस किरण सोलर में सेल्स एक्जीक्यूटिव के पद पर, सात छात्राओं का एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस विकास प्रबंधक के पद पर चयन हुआ । इसके अलावा 13 छात्राओं को आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनजर के लिए चयन हुआ । 9 छात्राएं ग्लोबल इंजिनियरिंग कंपनी में कंटेट राईटर के पद पर चयनित हुई।

**अुनदान प्राप्ति :–**

वर्तमान सत्र में हरियाणा सरकार से निम्नलिखित अनुदान राशियां प्राप्त हुई हैं :–

| | |
|---|---|
| खेलकूद के लिए | 50,000 |
| महिला प्रकोष्ठ के लिए | 60,000 |
| पुस्तकालय के लिए | 2,00000 |
| प्लेसमेंट सैल के लिए | 26,000 |
| अर्न वाइल लर्न | 40,000 |

आभार ज्ञापन :–

मैं आज के मुख्यअ तिथि श्री राजनेहरू जी, देश के प्रथम कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति का हार्दिक धन्यवाद करता हूं तथा आज के विशिष्ठ अतिथि श्री गजेंद्र सिंह जवाइंट कमीश्नर एमसीएफ फरीदाबाद का भी धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने अनेक व्यस्तताओं के होते हुए भी महाविद्यालय परिवार के अनुरोध को स्वीकार कर यहां आकर हमें अनुग्रहित किया। मैं मीडिया जगत के फरीदाबाद प्रभारियों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करता हूं । जो साकारात्मक दृष्टि रखते हुए समय समय पर महाविद्यालय के समाचार प्रकाशित करते हैं। मैं यहां उपस्थित सभी माननीय अतिथियों का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने अपने शुभ आगमन से इस समारोह की शोभा को बढाया । मैं अपने समस्त सहयोगी प्राध्यापकों, कार्यालय के कर्मचारियों, पुस्तकालय सहायकों, प्रयोगशाला के सहायकों तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की धन्यवादी हूं। इनके अथक प्रयासों से इस महाविद्यालय में अनेक नए कार्य तेजी से संपन्न हुए हैं । जिससे महाविद्यालय में अभूतपूर्व सुधार आया है । मैं महाविद्यालय की छात्राओं के प्रति भी अपना धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। जिन्होंने महाविद्यालय में अनुशासित रहकर वर्ष भर शैक्षणिक वातावरण बनाए रखा। मैं वार्षिक रिपोर्ट बनाने वाली कमेटी में डा. रमन कुमार एवं श्री सुरेश कुमार का आभार प्रकट करता हूं , जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से ये रिपोर्ट तैयार की ।

अंत मैं एक बार पुनः मुख्य अतिथि एवं समस्त सभागार में उपस्थित सभी का धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने हमारे लिए अपना कीमती समय निकाला ।

डा. नरेंद्र कुमार

प्राचार्या,

राजकीय महिला महाविद्यालय,

फरीदाबाद